हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 घंटों इंतजार के बाद बिना राशन के लौटने...



07 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेत कंपनी ने बच्चों को...



खबर संक्षेप

तुलसी विद्यामंदिर में मनाई गई तुलसी जयंती



नर्मदापुरम। शहर के मालाखेड़ी स्थित तुलसी विद्यामंदिर में तुलसी जयंती का आयोजन सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं.गिरिजा शंकर शर्मा ने महाकवि तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन की सुदीर्घ परंपरा के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। माखन नगर से आमंत्रित कवयित्री कीर्ति वर्मा ने गीत प्रस्तुत किए। स्थानीय कवि बाबूलाल कदम, रेखा कापसे कुमुद, मनोज परसाई ,महेंद्र तिवारी,नवीन हरियाले एवं संचालन कर रहे सुभाष यादव भारती ने अपनी बहुप्रशंसित कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रसन्न हर्णे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पं. गिरीमोहन गुरु कृत तुलसीदास चालीसा का लोकार्पण भी किया गया। स्कूल के प्रचार्य अजय शर्मा ने बताया कि स्कूल में प्रतिवर्ष तुलसी जयंती का आयोजन किया जाता है।

जन प्रतिनिधियों ने लिया हादसे का जायजा, व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

मुख्य बाजार के प्याऊ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, समय रहते पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भगवान झूलेलाल मंदिर के प्याऊ में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट ने आग लग गई।

शहर के सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाले व्यापारिक केंद्र, जवाहर बाजार में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भगवान झूलेलाल मंदिर के प्याऊ में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट ने आग पकड़ ली। पल भर में ही पूरा जवाहर बाजार दमघोंटू और जहरीले धुएं के गुबार से भर गया, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों में दहशत फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय व्यापारियो ने बिना समय गंवाए नगर पालिका प्रशासन और बिजली विभाग को अलर्ट किया। सबसे पहले खतरे को टालने के लिए पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कराई गई। दमकल विभाग ने तुरंत मोर्चा संभाला और पानी की बौछार कर आग को भयानक रूप लेने से पहले ही बुझा दिया। यह घटना इसलिए भी खौफनाक थी क्योंकि जवाहर बाजार में करीब 90 प्रतिशत दुकानें कपड़ों की हैं और बाकी किराना के थोक व फुटकर व्यापारी हैं।



समय रहते पाया आग पर काबू, टला हादसा

बाजार की तंग गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों का अंदर जाना लगभग असंभव है। गनीमत यह रही कि आग लगने का स्थान पुराने फल बाजार से सटे जवाहर बाजार के शुरुआती हिस्से में था, जिससे दमकल कर्मियों ने पाइप खींचकर आग पर समय रहते काबू पा लिया। अगर आग थोड़ी भी फैलती, तो कपड़ा और किराना जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्रियों के कारण पूरा बाजार खाक हो सकता था। इस घटना ने पुराने लोगों के जहन में 30 से 40 साल पहले बाजार में हुई भीषण आगजनी की खौफनाक यादें एक बार फिर ताजा कर दीं।

जनप्रतिनिधियों ने लिया मोर्चे का जायजा



घटना की भनक लगते ही प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में भी हड़कंप मच गया। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल चौरे, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया, डरे हुए व्यापारियों को ढांढस बंधाया और अधिकारियों के साथ चर्चा की। स्थानीय लोगों की जागरूकता और दमकल की त्वरित कार्रवाई ने आज इटारसी को एक बड़ी त्रासदी से बचा लिया। हालांकि, शहर के घने बाजारों में सुरक्षा और फायर सेफ्टी के इंतजामों को लेकर यह घटना प्रशासन के लिए एक बड़ी और गंभीर चेतावनी है।

इनका कहना है...

हमने व्यापारियों से चर्चा की है और घटना के विषय में जानकारी ली है। अधिकारियों से चर्चा करके शॉर्ट सर्किट का कोई ठोस निदान निकालने के लिए कहा जाएगा। ईश्वर की कृपा से बड़ी घटना टल गई है, आगे सावधानी बरती जाएगी।"

डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक

जवाहर बाजार के झूलेलाल मंदिर में बने प्याऊ में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, समय रहते व्यापारियों ने सूचना की, हमने दमकल भेजी और दमकल कर्मचारियों ने बेहद सराहनीय कार्य किया है, सबकुछ समय रहते हुए तो बड़ा हादसा होने से पहले स्थिति को संभाल लिया गया है। **पंकज चौरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद**

5 नमूने जांच के लिए भेजे, 14 किलो संदिग्ध पनीर किया जब्त

दूध व दुग्ध उत्पादों पर खाद्य विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

त्योहारों के मद्देनजर दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीएम इटारसी निलेश शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने इटारसी के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज सिंह धाकड़ एवं जितेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम ने किशोर रेस्टोरेंट से घी, पनीर, मावा कतली एवं पंडित जी किराना से पनीर एवं मावा के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान 14 किलोग्राम पनीर गुणवत्ता में संदेह पाए जाने पर मौके पर ही जब्त कर लिया गया। साथ ही दोनों प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई एवं खाद्य मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि कुल 05 नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं।


प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। विदित हो कि इससे पहले भी खाद्य विभाग द्वारा अनेक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

भाजपा की नीतियों और महंगाई से जनता त्रस्तः गुड्डन पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की गलत नीतियों और बेलगाम महंगाई से आमजन, गरीब और मध्यम वर्ग पूरी तरह परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन की तुलना में आज खाद्य तेल, शक्कर और दालों जैसी जरूरी चीजों के दाम तीन से चार गुना तक बढ़ चुके हैं। आर्थिक तंगी के कारण किसान, युवा और मजदूर वर्ग संकट में हैं। पांडेय ने



चेतावनी दी कि यदि सरकार ने बढ़ती महंगाई पर तत्काल अंकुश नहीं लगाया, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

मूंग उपार्जन में अवैध वसूली की शिकायत पर सख्त कार्रवाई, सर्वेयर पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के क्रम में जिले में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सुचारू एवं पारदर्शी मूंग उपार्जन कार्य कराया जा रहा है। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसी क्रम में खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें श्री श्याम वेयरहाउस खपरिया (थाना सिवनी मालवा) में पदस्थ सर्वेयर शील कुमार यादव द्वारा उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से अवैध रूप से राशि लेने एवं अमानक मूंग को एफ.एक्यू. घोषित करने के एवज में अनुचित पैसों का लेन-देन करने की बात सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा, विजय राय द्वारा मार्कफेड (MFRFED) के गोदाम प्रभारी (कृषि उपज मंडी परिसर बनापुरा) संजीत वर्मन के माध्यम से थाना सिवनी मालवा में शिकायत दर्ज कराई गई। प्राप्त शिकायत एवं जांच पत्र के आधार पर थाना सिवनी मालवा में आरोपी सर्वेयर शील कुमार यादव के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर ली गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा ने स्पष्ट किया है कि मूंग खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा एवं पारदर्शिता शासन की प्राथमिक प्राथमिकता है। कलेक्टर द्वारा सख्त रूप से निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी उपार्जन केंद्र या वेयरहाउस में किसानों से अवैध वसूली, अनियमितता या लापरवाही बरतने का मामला सामने आता है, तो संबंधित दोषी व्यक्तियों पर इसी प्रकार कठोर कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जनसुनवाई में स्वास्थ्य सभापति ने दिए त्वरित निर्देश, सूअर पालकों को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपा सभा कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जल निकासी, नाली व शौचालयों की नियमित सफाई और आवारा सूअरों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी की शिकायतें रखीं। समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए सभापति जाधव ने मौके पर ही वार्ड जमादारों को सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही



शहर में गंदगी का कारण बन रहे सूअर पालकों को नोटिस जारी करने का आदेश भी दिया। सभापति ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता के लिए सभी का एकजुट होना जरूरी है। इस दौरान जनसुनवाई में कमल आर्य, संतोष तिवारी और जगदीश पटेल भी मौजूद रहे।

ट्रेनों में चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के इटारसी में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित कुल 3,21,000/- रुपये का चोरी किया हुआ माल बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल (भोपाल) के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

यह शातिर आरोपी मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन और चलती ट्रेनों में महिलाओं, विशेषकर खिड़की के पास बैठी महिला यात्रियों को अपना निशाना बनाता था। देर रात जब यात्री गहरी नींद में होते थे या स्टेशन आने पर अपने सामान में व्यस्त होते थे, तब वह चोरी की वारदात को अंजाम देता था। घटना के तुरंत बाद वह भीड़भाड़ या अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से रफूचक्कर हो जाता था।



ऐसे पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

30 अप्रैल को बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक दंपती का लेडीज पर्स चोरी हो गया था, जिसमें सोने की चेन, नकद और जरूरी कार्ड रखे थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, अंकित जायसवाल के कड़े निर्देशन और जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र की मदद ली। इसी दौरान 17 अगस्त 2026 को इटारसी रेलवे स्टेशन के आउटर क्षेत्र में पार्सल ऑफिस के पीछे संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे इस व्यक्ति की पहचान अब्दुल इमरान निवासी इटारसी के रूप में हुई।

5 मामलों का हुआ खुलासा आरोपी जेल भेजा गया

कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी अब्दुल इमरान ने जीआरपी थाना इटारसी क्षेत्र में चोरी की कुल 5 घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके निवास स्थान से सभी मामलों का पूरा माल 3.21 लाख रुपये के जेवरात व नकदी बरामद कर लिया है। आरोपी का पहले से भी पुराना आपाराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे नर्मदापुरम जिला कारागार भेज दिया गया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जीआरपी इटारसी की टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा-अभिषेक जारी

इटारसी। पाप का अंत होता है और पुण्य अनंत है। राक्षसी शक्तियां कुछ समय के लिए देवताओं और मनुष्यों को परेशान कर सकती हैं, लेकिन अंततः उनका नाश होता है। इसी भाव के साथ श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर, लक्कड़गंज में पंचम दिवस वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा एवं अभिषेक यजमान अंकिता घनश्याम तिवारी द्वारा किया गया।

मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने बताया कि वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा महाराष्ट्र के परली और बिहार की चिताभूमि में की जाती है। परली वैद्यनाथ महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित है और इसे भगवान शिव एवं माता पार्वती के साथ निवास के कारण 'अनोखी काशी' भी कहा जाता है जिसके दर्शन से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, प्रकरणों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, रोजगार, बिजली, पानी, स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समय-सीमा निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण



निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम हासलपुर निवासी निधि मीना ने जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा को आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके जाति प्रमाण पत्र में नाम संबंधी त्रुटि हो गई है, जिससे उन्हे परेशानी हो रही है, जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम नर्मदापुरम को नाम त्रुटि सुधार के लिए आवश्यक और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम लोधडी के ग्रामवासियों ने संयुक्त रूप से आवेदन देते हुए बताया कि उनके ग्राम का बिजली ट्रांसफार्मर बहुत पुराना होने के कारण रोजाना फॉल्ट एवं बिजली गुल होने की समस्या से ग्राम-वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

पुलिस ने सुलझाई 2.50 लाख चोरी की गुत्थी: कैमरे की मदद से 3 महिला चोर और कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक निर्माणाधीन गोदाम से हुई करीब 2,50,000 कीमत के सेनेटरी सामान की चोरी का चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कबाड़ बीनने वाली तीन महिलाओं सहित चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर पूरा मशरूका बरामद कर लिया है।

वार्ड क्रमांक 23, सिंधी कॉलोनी निवासी फरियादी चंदन राचंदानी संचालक गोपी प्लायवुड एवं करन इण्टरप्राइजेस ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान के पीछे निर्माणाधीन गोदाम से हिंडवेयर कंपनी के मेट्रोपोल, डायवर्टर और नल सहित करीब 50 से 55 नग कीमती सामान चोरी हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध



क्रमांक 731/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में 3 महिलाएं संदिग्ध अवस्था में बोरे में सामान ले जाती नजर आईं। फुटेज के आधार पर पहचान करते हुए पुलिस ने ओझा मोहल्ला निवासी छोटी बाई आदिवासी, ईशा ओझा और छाया ओझा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में महिलाओं ने चोरी की वारदात कबूलते हुए बताया कि उन्होंने चोरी का माल पुरानी इटारसी निवासी कबाड़ी संजय अहिरवार को बेचा है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संजय अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से संपूर्ण चोरी गया माल जब्त कर लिया।

सराहनीय भूमिका

इस त्वरित खुलासे में थाना इटारसी के निरीक्षक सौरभ पाण्डेय, उनि विपिन पाल, आरक्षक राजकुमार झपाटे, आरक्षक महेन्द्र गुर्जर, म.प्र.आर. दुर्गा दुबे तथा चालक टिल्लू उड़के की विशेष भूमिका रही।

शिक्षक संघ की बैठक आयोजित



इटारसी। नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय, देशबंधुपुरा मे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे की अध्यक्षता में शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सितंबर माह में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सम्मान समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समारोह को गरिमामय एवं प्रभावी बनाने, शिक्षकों के सम्मान तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव लिए गए। नपाध्यक्ष ने शिक्षक समुदाय के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।

डोंगरवाड़ा में नागपंचमी पर हुआ भव्य आयोजन

राधा-कृष्ण राम-जानकी मंदिर में 15वां संगीतमय रुद्राभिषेक संपन्न, सैंकड़ों शिवभक्तों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नागपंचमी के पावन पर्व पर ग्राम डोंगरवाड़ा में परंपरा को निभाते हुए रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के बीच मुख्य यजमान रीना महेश चौकसे एवं परिवार सहित ग्रामवासियों ने धर्माचार्य सोमेश परसाई के आचार्यत्व में विधिवत पूजा-अर्चना की।

इस दौरान आचार्य परसाई ने रुद्राष्टाध्यायी के अध्यायों की व्याख्या करते हुए भक्तों को धर्मोपदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान औघड़दानी हैं, उनसे भक्तों को कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं होती वे तो अपने भक्तों को



बिना मांगे ही सब कुछ प्रदान कर देते हैं। आज नागपंचमी और सोमवार का विशेष संयोग है आज के दिन शिव पूजन से काल सर्प सहित अन्य दोषों से मुक्ति मिलती है। साथ भगवान महादेव सभी मनोकामनाओं को पूरी भी करते हैं।

आरती और भव्य श्रृंगार

रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान की संगीतमय स्तुतियों का गान किया गया। इसके बाद भगवान का मनमोहक और सुंदर श्रृंगार किया गया, जिसे देख सभी श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। अंत में दिव्य आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

विशेष सहभागिता

ग्राम के सरपंच माखन कीर ने बताया कि डोंगरवाड़ा में इस परंपरा का यह 15 वां वर्ष है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी समस्त ग्रामवासियों ने रुद्राभिषेक में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। रुद्राभिषेक में प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष नीतू यादव, बुदनी नपं अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, अरुण शर्मा, गोविंद राय, सागर शिवहरे, राहुल सोलंकी, गोकुल पटेल, ज्योति महेश चौरे, पार्षद नयना सोनी, कंचन सिंह ठाकुर, घुड़िया कीर, विपिन जैन, अनुपम दुबे, शक्ति सिंह रघुवंशी, पप्पू भदौरिया, संतोष साहू, शैलेन्द्र कौरव, अभिषेक गौर, कन्हैया दायमा, श्रीजीत ठाकुर, सुनील, शैलेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण परिजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

अंबेडकर कॉलेज में मनाया स्वतंत्रता दिवस



बैतूल। जिले की शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पुरानी एवं प्रसिद्ध संस्था श्रीराम शिक्षा परिषद द्वारा संचालित भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की संस्थापिका श्रीमती सुशीलादेवी अग्रवाल, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक इंजीनियर ध्रुवप्रकाश अग्रवाल एवं संचालक सर्वेश अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात तिरंगे को सलामी दी गई। इसके बाद तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को देशभक्ति के लिए जागरूक किया गया। रैली के पश्चात कॉलेज के शिक्षकगणों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

पानी की समस्या से जूझ रही शाला की रसोईया



शाहपुर। प्राथमिक शाला चिखलदाखुर्द की रसोइया गीता बाई जोठे और सुशीला बाई प्रजापति ने बताया कि पिछले कई महीनो से रसोईया पानी की समस्या से परेशान है। प्राथमिक शाला के शिक्षक ने नगर परिषद कार्यालय शाहपुर को सूचना देकर हैंडपंप सुधारने की बात कही। हैंडपंप तो लगभग 4 महीनों बाद सुधारा गया, परंतु हैंडपंप को चलाने में अत्यधिक शक्ति का उपयोग करना पड़ता है। पानी भी उपयोग में नहीं आने जैसा मटमैला निकल रहा है। जिससे अगर रसोई भोजन बनाएंगे, तो बच्चों के स्वास्थ पर भी दिक्कतें आ सकती है। रसोई के बाजू में स्थित छात्रावास से पानी को लाकर भोजन बना रही है। प्राथमिक शाला चिखल्दा खुर्द के बाजू में आंगनबाड़ी केंद्र भी स्थित है। वहां भी छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन आंगनवाड़ी आते हैं।

स्कूल और छात्रावास निर्माण के भूमि आवंटन प्रकरणों में विलंब न हो

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सर्वर दे रहा दिक्कत, दुकानदार-हितग्राही हो रहे परेशान

घंटों इंतजार के बाद बिना राशन के लौटने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राशन दुकानों से हितग्राहियों को दो माह का राशन वितरित किया जा रहा है। जिससे राशन दुकानों पर हितग्राहियों की भीड़ लग रही है, लेकिन पीओएस मशीन का सर्वर ठीक से काम नहीं करने के कारण दुकानदारों के साथ-साथ हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों को राशन दुकानों से पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों के जरिए राशन वितरण होता है। यह पीओएस मशीनें जिस सर्वर के सहारे चलती हैं, वह सर्वर परेशान कर रहा है। इससे हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पा रहा है। घंटों और कभी-कभी दिन भर इंतजार के बाद भी उन्हें बिना राशन लिए बैरंग लौटना पड़ रहा है। बता दे कि जिले भर में 650 से अधिक राशन दुकानों के जरिए लाखों हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जाता है। राशन का वितरण पीओएस मशीनों के जरिए किया जाता है। यह मशीनें सर्वर के जरिए चलती है, जिसमें पहले से सारा रिकॉर्ड फीड होता है। हितग्राही के पहुंचने पर हितग्राही के अंगूठे का निशान लिया जाता है या फिर आधार नंबर दर्ज कर उससे लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर फिर राशन दिया जाता है। यदि पीओएस मशीन काम नहीं करें तो राशन का वितरण नहीं किया जा सकता। पीओएस मशीनें काम नहीं कर रही हैं। इसकी वजह यह है कि यह मशीनें जिस सर्वर की मदद से चलती हैं, वह सर्वर ही इन दिनों अधिकांश समय फेल हो जा रहा है।

दो महीनें का हो रहा राशन वितरण

अगस्त महीने में अगस्त और सितंबर 2 महीनों का राशन वितरण हो रहा है। अब यह भी अनिवार्य कर दिया गया है कि जिस महीने का राशन है, उसी महीने लेना होगा। यही कारण है कि कोई भी हितग्राही अपना राशन नहीं छोडऩा चाहता। दो महीने के राशन मिलने की बात सुनने के बाद हितग्राही पूरी प्राथमिकता के साथ राशन लेने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं। यदि इस महीने राशन नहीं लिया तो उनका दो महीने का राशन लैप्स हो जाएगा। जिससे हितग्राहियों को बाजार से महंगे दर पर राशन खरीदना मजबूरी बन जायेगा। हितग्राहियों का कहना है कि सर्वर की समस्या का खामियाजा राशन उपभोक्ताओं को चुकाना पड़ रहा है।



घंटों करना पड़ रहा है इंतजार

सर्वर समस्या के कारण राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। जिसकी एक वजह यह भी बताई जा रही है कि पूरे प्रदेश में ही हितग्राही एक साथ दुकानों पर पहुंच रहे हैं। इससे सर्वर पर दबाव काफी बढ़ गया है। आलम यह है कि यह सर्वर कभी भी ठप पड़ जा रहा है। इससे हितग्राहियों को कभी-कभी घंटों तक और कभी-कभी पूरे-पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी राशन नहीं मिल पा रहा है और उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। जिससे हितग्राहियों में नाराजगी भी देखी जा रही है। हितग्राही बताते है कि सुबह से ही राशन के लिए दुकानों पर लाइन लगाकर खड़े हो जाते है, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

त्योहारों की सता रही है चिंता

त्यौहारों की शुरूआत हो चुकी है। आगामी समय रक्षाबंधन सहित कई त्योहार आ रहे हैं। ऐसे में यदि राशन की चिंता से मुक्त हो जाए तो त्योहार भी अच्छे से मना सकते हैं। यही कारण है कि सभी जल्द से जल्द राशन ले लेना चाह रहे हैं। इधर सर्वर इन सभी के मंसूबों पर पानी फेर रहा है। लोग अपने काम-धंधे छोडक़र दिन भर दुकान पर बैठे रहने के बाद भी राशन नहीं ले पा रहे हैं तो उनका गुस्सा भी बढ़ रहा है। कई हितग्राही कई-कई दिन तक राशन दुकानों के चक्कर ही काट रहे हैं। इसके चलते राशन नहीं मिलने की स्थिति में दुकानों पर विवाद की स्थिति भी बन रही है। लोग अपना आक्रोश दुकानदारों पर निकाल रहे हैं। इससे दुकानदार भी सर्वर नहीं चलने के कारण परेशान हैं। इन्हीं सब कारणों से हितग्राहियों के साथ ही दुकानदारों ने भी व्यवस्था में जल्द सुधार की मांग की है।

चिंता करने की जरूरत नहीं

दो महीने का राशन एक साथ मिलने से प्रदेश में सभी जगह लोग एक साथ राशन लेने पहुंच रहे हैं। इसके चलते सर्वर पर दबाव बढ़ गया है। पूरे प्रदेश में यही स्थिति चल रही है। इसमें जल्द ही सुधार होने की संभावना है। सभी हितग्राहियों को राशन मिल जाएगा, किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

- कृष्ण कुमार टेकाम,
जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

पुलिस ने हत्या का किया खुलासा

पोते ने कुल्हाड़ी से वार कर दादा को उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बीजादेही थाना क्षेत्र के रतनढाना गांव में 4 अगस्त की रात हुई बुजुर्ग रामदयाल काजले की हत्या का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दियाा। रामदयाल का नाती राजू काजले ही हत्यारा निकला। घरेलू विवाद के बाद आरोपी ने अपने दादा पर कुल्हाड़ी से तीन वार किए थे और वारदात के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने 16 दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच टीम में शामिल एसआई जीपी बिल्लौरे ने बताया कि आरोपी राजू कोई काम नहीं करता था और अक्सर शराब पीकर घूमता रहता था। इसके विपरीत, उसके दादा रामदयाल परिवार का पालन-पोषण करते थे। 4 अगस्त की रात राजू शराब के नशे में घर लौटा, जिस पर दादा ने उसे घूमने और शराब पीने को लेकर टोका। इसी बात पर राजू गुस्सा हो गया। पुलिस के अनुसार, गुस्से में राजू ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और दादा रामदयाल पर हमला कर दिया। उसने कुल्हाड़ी से रामदयाल के चेहरे, कान के पास और पीठ पर तीन वार किए। गंभीर चोटों के कारण रामदयाल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी को घर के एक ऐसे हिस्से में छिपा दिया, जहां आमतौर पर किसी का ध्यान नहीं जाता। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी।

कुंडी स्थित आईटीआई को परम फाउंडेशन को सौंपने पर आपत्ति

भौंरा। ग्राम कुंडी में स्थित शासकीय आईटीआई को निजी एनजीओ परम फाउंडेशन को हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया पर मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने आपत्ति जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री गौतम टेटवाल को पत्र भेजकर कुंडी स्थित आईटीआई को परम फाउंडेशन को हस्तांतरित नहीं किए जाने का अनुरोध किया है। आयोग सदस्य ने पत्र में कहा है कि परम फाउंडेशन को प्रत्येक जिले से एक आईटीआई हस्तांतरित किए जाने के आदेश के तहत घोड़ाडोंगरी आईटीआई को वर्ष 2023 में संस्था को हस्तांतरित किया गया था। पत्र के अनुसार, ऐसे आईटीआई को हस्तांतरण के लिए चुना जाना है, जहां तीन या उससे कम ट्रेड संचालित हों, प्रवेश कम हो तथा प्लेसमेंट भी कम हो। इसी आधार पर शाहपुर विकासखंड के ग्राम कुंडी में संचालित आईटीआई को परम फाउंडेशन को सौंपे जाने की बात सामने आने पर उन्होंने आपत्ति जताई है।

पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

चोरी को लेकर कांग्रेस का नगर बंद



भैंसदेही। विगत दिनों भैंसदेही नगर के मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज रानू ठाकुर के नेतृत्व में नगर बंद कर रैली निकालकर एसडीएम अजीत मरावी को ज्ञापन सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी नेताओं ने भैंसदेही पुलिस पर लगभग 20 दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा नहीं करने पर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि भैंसदेही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। कुछ माह पूर्व नगर में अनेक लोगों के घरों एवं प्रतिष्ठानों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इसके बाद लगभग 20 दिन पूर्व नगर के विभिन्न मंदिरों में भी चोरी की गंभीर घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता और व्यापारीयों में भय एवं असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। चोरी की घटनाओं को काफी समय बीत जाने के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नहीं लेना चोरों के आज तक नहीं पकडे जाने से भैंसदेही पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे है। इसके साथ ही आम नागरिकों द्वारा यह भी शिकायत की जा रही है कि थाना प्रभारी द्वारा जनता से बातचीत के दौरान अभद्र एवं असम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा कथित रूप से गाली-गलौज एवं दुर्व्यवहार किया जाता है। पुलिस प्रशासन से आम जनता को सुरक्षा एवं सम्मान की अपेक्षा होती है। इस प्रकार का व्यवहार आम नागरिकों के मन में भय और असंतोष उत्पन्न करता है। कांग्रेस नेताओं ने उक्त मांगो पर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा नहीं होने पर चक्काजाम कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, वरिष्ठ कांग्रेसी विनयशंकर पाठक, धर्मेंद्र मालवीय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मोहरे, वामन महाले, सुखदेव घानेकर, दिनेश महाले, मंडलम अध्यक्ष मोहित राठौर, आशुतोष झरबडे, युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल आदि रहे मौजूद।

जिम्मेदार कब देंगे ध्यान

प्राथमिक शाला का रसोई भवन और आंगनवाड़ी जर्जर हालत में



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

ग्राम कुसमरी के प्राथमिक शाला रसोई भवन और आंगनबाड़ी की हालत जर्जर हो गई है। ग्राम कुसमरी के ग्रामीण प्रदीप उइके ने बताया कि प्राथमिक शाला के शिक्षको से जब इस विषय में चर्चा की तो शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना पूर्व में ही दे दी है, परंतु उचित कार्यवाही नही होने से प्राथमिक शाला की रसोई भवन की स्थिति जर्जर है। जिसके कारण खाना बनाने वाली रसोइया अन्य स्थान पर भोजन पका रही है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला के बगल में आंगनबाड़ी की स्थिति भी कुछ अच्छी नहीं है। ग्रामीण ने बताया कि उनके बच्चे इन आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला में शिक्षा का अध्ययन करने आते हैं। पालकों को अपने बच्चों की चिंता लगी रहती है। उन्होंने शासन से स्कूल और आंगनबाड़ी और रसोई भवन की सुधारने की मांग की है। स्कूल के संबंध में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शाहपुर ने बताया कि मैं शीघ्र ही इस स्कूल के एस्टीमेट की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दे दूंगा।

सुनसान सड़क पर राहगीर को घेरकर लूट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

50 हजार, मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त 2 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



पुलिस ने रात्रि के समय सुनसान सडक़ पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 हजार, मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिलें भी बरामद की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को संजीव त्रिपाठी पिता बृजमोहन त्रिपाठी (57) निवासी एनबी-72 एबी टाईप सारणी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 अगस्त को वह कार से जुन्नारदेव से सारणी आ रहे थे। रास्ते में खैरवानी के पास ग्राम तेंदूखेड़ा के समीप मेन रोड पर पेशाब करने के लिए कार से नीचे उतरे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोपियों ने फरियादी को डरा-धमकाकर, मारपीट कर एवं जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल फोन के माध्यम से जबरदस्ती 50,000 रुपये ट्रांसफर कराए तथा उनका मोबाइल फोन एवं 4,500 रुपये नगद लूटकर मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट पर थाना सारणी में धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। लगातार प्रयास एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने घटना में शामिल आनंद पिता रमेश उईके, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम ढोकली, सुभाष उर्फ अमन पिता कृष्णा बेलवंशी, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम ढोकली, कपिल पिता पिरमू धुर्वे, उम्र 21 वर्ष, निवासी ढमकीभाटा, खैरवानी और विनय पिता किसना धुर्वे, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम तीरभाटा को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 1 मोबाइल फोन, 50,000 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

सांदीपनि विद्यालय के चार बॉक्सर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

बैतूल। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल में मंगलवार, 18 अगस्त को संभागीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सांदीपनि विद्यालय बैतूल बाजार के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। सांदीपनि विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी और सरोज पवार का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं छात्र वर्ग में धैर्य पडधरिया और सोमेश्वर माकोड़े ने भी अपनी बेहतर तकनीक और प्रदर्शन के दम पर राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाई। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सांदीपनि विद्यालय बैतूल बाजार के प्रभारी प्राचार्य आर. के. मालवीय ने खुशी जताते हुए चयनित खिलाड़ियों के साथ विद्यालय के पीटीआई दशरथ गावंडे और पीटीआई सुरेश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

कन्या आश्रम पाढर में शिक्षकों ने लगवाए पंखे व ट्यूबलाइट

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

अभियान के तहत जनसहभागिता से स्कूलों में डेस्क-बेंच, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, पंखे, प्रकाश व्यवस्था, ई लर्निंग टूल्स, क्रियाशील शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वत्सला शिवहरे ने बताया कि अभियान के तहत स्कूलों की व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण कर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में



माध्यमिक शाला कन्या आश्रम पाढर में पर्याप्त रोशनी एवं पंखों की आवश्यकता सामने आने पर शिक्षकों द्वारा स्कूल भवन में पंखे एवं ट्यूबलाइट लगवाए गए हैं। इस पहल से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बेहतर प्रकाश एवं वेंटिलेशन की सुविधा उपलब्ध हुई है। शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत जिलेवासियों से जनभागीदारी की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि विद्यालयों में डेस्क-बेंच, बिजली, पंखे, प्रकाश व्यवस्था एवं क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सभी सहयोग करें। शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं नागरिक अपने स्तर पर विद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहभागिता निभाएं। सामूहिक प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है।

कांग्रेस की सह-प्रभारी उषा नायडू 21 को आएंगी बैतूल

बैतूल। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस की सह-प्रभारी उषा नायडू 21 अगस्त को बैतूल जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान दौरान जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील उइके भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। वे विभिन्न बैठकों में शामिल होकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा और आगामी कार्ययोजना को लेकर पदाधिकारियों के साथ समन्वय करेंगे। सह-प्रभारी उषा नायडू जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की स्थिति, बूथ स्तर की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने उनके संशोधित दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिला संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे ने बताया कि सह प्रभारी उषा नायडू के दौरे की शुरुआत सुबह 11 बजे घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर से होगी। यहां वे ब्लॉक कमेटी, नगर कमेटी, मंडल और पंचायत कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई।

इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम अमदर निवासी प्रदीप खातरकर ने शासकीय भूमि पर उपसरपंच, पंच और पटवारी द्वारा मिली भगत से अवैध पट्टा बनाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल एसडीएम को जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नजूल सीमांकन करने के पश्चात नजूल रास्ता खुलवाने और नक्शा दुरुस्तीकरण के आवेदन पर कलेक्टर ने नजूल अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम लीलाझर निवासी रामू कौशिक ने खरीफ 2025 वर्ष का फसल बीमा प्राप्त न होने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने डीडीए कृषि विभाग को आवेदक की समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम सोनेगांव निवासी श्याम गव्हाड़े ने रास्ते से झोपड़ी हटाने और अनावेदक गणों पर उचित कार्रवाई करने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने आमला एसडीएम और तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। चिचोली तहसील के ग्राम मलाजपुर निवासी दिव्यांग पवन यादव ने तीन चक्का इलेक्ट्रिक वाहन के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारने के निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम ससाबड़ निवासी कृष्णा बिंजवे ने पीएम आवास के अंतर्गत मकान निर्माण नहीं करने देने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने आमला एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। मांगारोठी निवासी शंभू उईके ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित बैतूल एसडीओ रेवेन्यू को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम चिखली निवासी शिवप्रसाद पाटिल ने मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। आठनेर निवासी वैष्णवी लोखंडे द्वारा प्लांट को प्रबंधन मुक्त करने के आवेदन पर कलेक्टर ने भैंसदेही एसडीओ रेवेन्यू को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

सीएमओ को जांच कर निराकरण के दिए निर्देश

जनसुनवाई में नगर परिषद आठनेर के बाजार चौक की दयनीय रोजाना गुजरी में सब्जी भाजी की दुकान की जगह के विवाद के आवेदन पर कलेक्टर ने आठनेर सीएमओ को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम तीताखेड़ा के ग्रामीणों द्वारा ग्राम में सडक़ एवं बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने सीईओ घोड़ाडोंगरी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं भंडारपानी के जनजातीय ग्रामीणों की लंबित मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम शाहपुर और डीएफओ नॉर्थ को आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

CHANGE OF NAME

I, **VIBHAV** is Son of No.- 15123751P Hav **SHANKAR KAUSHIK** (Retd) resident of Vill.& PO. – Dunawa, Teh. – Multai, Distt.- Betul (MP), Pin- 460663, have changed my name from **VIBHAV** to **VAIBHAV KAUSHIK** vide affidavit dated 18/08/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt - Betul (MP).

खबर संक्षेप

आज करेगा विद्युत विभाग मेंटेनेंस

माखननगर। बुधवार दिनांक 19 अगस्त को 33 केवी माखन नगर के मेंटेनेंस का कार्य किया जावेगा मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर गोस्वामी ने बताया संपूर्ण उपकेंद्र की सप्लाई सुबह 11 बजे से 02 बजे तक बंद रहेगी।

विधायक व नपध्यक्ष का तुलादान किया गया



माखननगर। वार्ड क्रमांक 15 के अहीर मोहल्ला में भगवान शिव एवं राधा-कृष्ण की स्थापना विधि विधान सेकी गई। इस अवसर पर विधायक ठा. विजयपाल सिंह और नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी का स्वागत एवं तुलादान किया एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। विधायक ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। वार्ड 15 में भगवान शिव की स्थापना के शुभ अवसर पर धार्मिक एवं श्रद्धा से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। तुलादान कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने विधायक एवं न प अध्यक्ष का वार्ड में घरो घर भव्य स्वागत किया गया। वार्डवासियों में उत्साह देखने को मिला। भगवान शिव एवं राधा-कृष्ण की स्थापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वार्डवासियों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल नजर आया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं वार्डवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जागरूकता कार्यक्रम 20 अगस्त को

सीहोर। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सीहोर स्थित महिला आईटीआई में 20 अगस्त के प्रातः 10 बजे प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयों पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी कारीगरों एवं शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। उद्यमिता, कीमत तय करने की रणनीति, बाजार की प्रवृत्ति, वित्तीय साक्षरता, उत्पाद की पैकेजिंग, लेबलिंग, डिजाइनिंग बताएंगे।

धूमधाम से मनाया नागपंचमी पर्व व 'चौरसिया दिवस', निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सोमवार को नागपंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सोहागपुर चौरसिया समाज द्वारा यह आयोजन 'चौरसिया दिवस' के रूप में विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। समाज के घरों और पान बरेजों में नाग देवता एवं नागबेल अर्थात पान बेल का परंपरा अनुसार पूजन किया गया।

वहीं शाम को चौरसिया समाज द्वारा डीजे, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा जवाहर वार्ड के शिवालय से शुरू होकर पुराना अस्पताल मार्ग, बिहारी चौक, कमानिया गेट, पलकमती पुल, हाईवे, सिविल कोर्ट चौराहा होते हुए मंगल भवन पहुंची। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सहभोज के साथ इस वर्ष का पर्व आयोजन संपन्न हुआ।



सजाई झांकियां

शोभायात्रा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नागकन्या, भगवान शिव, माता पार्वती और नाग-नागिन की स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भजनों व धार्मिक गीतों पर शिव-पार्वती स्वरूपों व नाग-नागिन के जोड़े के स्वरूपों ने खूब नृत्य किया। शोभायात्रा में समाज से पुरुष वर्ग सहित मातृशक्ति व युवाओं तथा बच्चों ने सहभागिता की। मंगल भवन में महाआरती आयोजित की गई। जिसके पश्चात भंडारा आयोजन किया गया।

लीनेस क्लब ने प्रथम स्थान पर रहे बच्चों को दी प्रोत्साहन राशि

सोहागपुर। लीनेस क्लब सोहागपुर ने प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जमनी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष नंदिनी साहू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अतिथि रूप में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मंगल सिंघई, एरिया ऑफिसर रूप कला कटारे एवं मोदी जैन की उपस्थिति रही।

स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं की गई। साथ ही गत शिक्षा सत्र में पांचवी, आठवीं तथा दसवीं कक्षाओं में प्रथम आने वाले बच्चों को क्लब की ओर से प्रोत्साहन राशि दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष नंदिनी साहू, सचिव शालिनी चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू दुबे, विमला अग्रवाल, शशि



मालवीय, अर्चना खंडेलवाल, संगीता खनूजा, क्षमा दीवान, कल्पना रघुवंशी, अनीता चौधरी, संगीता चौधरी, बबीता चौरसिया, भावना खंडेलवाल, तरुणा महेश्वरी, स्मृति अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को वितरित की खेल किट

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेत कंपनी ने बच्चों को बांटे स्कूली बैग

जनपद पंचायत माखननगर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं बच्चों को स्कूल बैग एवं खेल किट बांटी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स पावर मैक प्रोजेक्ट लिमिटेड स्थानीय रेत कंपनी ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम रायपुर जिला नर्मदापुरम के सभी बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए हैं। यह सराहनीय कार्य बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस तरह के सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) से ग्रामीण और जरूरतमंद बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी बुनियादी जरूरतों में मदद करना है।



बच्चे देश का भविष्य हैं

स्कूल परिसर में आयोजित इस विशेष वितरण कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, विद्यालय के शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। नए और आकर्षक स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर भारी उत्साह और मुस्कान देखी गई। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य प्रबंधक ने कहा, बच्चे देश का भविष्य हैं। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर बच्चों की शिक्षा में छोटा सा योगदान देकर हमें अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। हमारी कंपनी भविष्य में भी स्थानीय समुदाय के कल्याण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयास जारी रखेगी।ह्विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कंपनी के इस संवेदनशील कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों में स्कूल आने के प्रति रुचि बढ़ती है।

सरपंच ने की सराहना

ग्राम रायपुर सरपंच शशांक मिश्रा ने कहा 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व पर स्थानीय विधायक सीताशरण शर्मा के द्वारा स्कूल में बच्चों के लिए बेंच और टेबल दी गई उसके लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया। एवं कंपनी द्वारा स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने के लिए कंपनी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर आपके द्वारा किया गया यह सराहनीय कार्य बच्चों की शिक्षा के प्रति आपकी संवेदनशीलता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। 80 वे स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस अवसर पर पावर मैक सैंड माइंस कंपनी के प्रबन्धक एवं प्राचार्य बी पी पठारिया,सरपंच शशांक मिश्रा, जनपद सदस्य रितेश पासी, उपसरपंच कंछेदी कहार, पंच आकाश पासी, एवं अन्य पंच गण, सचिव श्री लालता प्रसाद मलैया, एवं समस्त विद्यालयों के स्टाफ मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई बांटी गई और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

थाना प्रभारी ने बच्चों को दी क्रिकेट किट



स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस थाने में मिलने आए विभिन्न स्कूलों के बच्चों से संवाद कर थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने बच्चों से खेल संबंधी चर्चा की और उन्हें क्रिकेट किट प्रदान की इस अवसर पर समाज सेवी दीपक वर्मा पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं गण नागरिक शामिल रहे सभी ने थाना प्रभारी के साथ बिल्व पत्र का पौधा लगाया।

पिपरिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थितके साथ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी भी आर सी प्रदीप शर्मा प्राचार्य संजीव दुबे कार्यक्रम राष्ट्रीय पर्व 80वा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित जगह जगह सभी शासकीय अशासकीय कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी जगह कार्यालय प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं उपसरपंच पंच की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। मंगलवारा चौराहे पर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।शोभापुर रोड तिगडडे पर आदित्य पलिया ने कांग्रेस कमेटी ने अपने कार्यालय में कृषि उपज मंडी में सचिव चंद्र शिवराम उईके ने सांसद कार्यालय में ध्वजारोहण किया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से ध्वजारोहण जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया। उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया गया। नगरपालिका परिषद के द्वारा संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी कार्यालयों ने झांकी तथा सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय की विशेष प्रस्तुति के अलावा अन्य सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सरस्वती बंदना राष्ट्रीय गीत बोले मातरम् एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया सभी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। नगरपालिका परिषद द्वारा लोक तंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्प वर्षा की गई। सभी जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से आसमान में गुब्बारे छोड़े गए।

सभी वक्ताओं ने शुभकामनाएं बधाई दी गई।मंच संचालन पी एन दुबे ने किया। आभार व्यक्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय ने किया। लेकिन अभी तक कोई भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तहसीलदार कभी भी राष्ट्रीय पर्व पर नदारद नहीं रहे। लेकिन अभी वर्तमान स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी राष्ट्रीय पर्व पर अनुपस्थित रहे जो चर्चा का विषय रहा।

नाती के जन्म दिन पर पौधा रोपा, संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत बीजनवाडा के पिपरिया नहर संभाग कार्यालय में पदस्थ भूरे लाल कहार के सुपुत्र ईश्वर कहार के पुत्र शिवा कहार के द्वितीय जन्मदिन पर दादा भूरे लाल कहार ने जामुन एवं आम का पौधा रोपण कराया गया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को बचाने को लेकर पौधे लगाए गए हैं। जिसमें की वर्तमान स्थिति में पानी की समस्या है। फसलों के लिए तथा पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। मूंग कि फ़सल के कारण लगभग 20फिट पानी नीचे चला गया है। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पंचायत में नल जल योजना भी पुरी तरह से सफल नहीं है। निर्माण कार्य को लेकर पेड़ों की कटाई भी जमकर



किया गया है। मुख्य मार्ग पर तो छांव हि नहि है। इसलिए सबको चाहिए कि अपने अपने बच्चों को जन्म दिन पर वैवाहिक वर्षगांठ पर एक पौधे अवश्य ही लगाना चाहिए।इस अवसर पर मंदिर में जाकर पूजन कराया गया। पौधे लगाए गए सभी ने आशीर्वाद शुभकामनाएं बधाई दी।

विभाजन विभीषिका झेलनेवाले लोगों को किया गया सम्मानित

नगर पालिका परिषद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद के द्वारा केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा संबंधित सभी नगरपालिका परिषद को निर्देश दिए गए थे की विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के संदर्भ में सन- 1947के भारत विभाजन,के दौरान हिंदू, सिख, सिंधी समाज विस्थापन तथा इसके ऐतिहासिक प्रभाव के विश्लेषण के लिए दिनांक 14 अगस्त 2026को आयोजन किया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल उपाध्यक्ष संतोष परते मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय सहित अन्य सभी पार्षदों अधिकारी राजस्व निरीक्षक रुपेश मौर्य अरुण ठाकुर धर्मेन्द्र शर्मा



मुकेश पठारिया कमलेश रघुवंशी महेंद्र दुबे उपमंत्री सहित अन्य सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज वह लोग उपस्थित रहे जिन्होंने बताया कि भारत 15अगसत 1947को स्वाधीन हुआ लेकिन स्वाधीनता के साथ विभाजन की वीभत्स त्रासदी ने राष्ट्र को कभी ना भर पाने वाले अनगिनत घाव दिए।उस समय हुए हिंदुओं के नरसंहार और उसकी पीड़ा से पुरा देश कांप गया था। जिसकी चीखें अब भी सुनाई देती है।अतीत को जानना आवश्यक है। सिन्धी समाज से लखन आनंदानी धर्मेन्द्र मेघनानी राजा सोनी सहित लगभग 6लोगो की उपस्थिति में उस पर को याद करते हुए उन्होंने अपनी अपने परिवार जनों पर बीती हुई जिन्दगी की दास्तान सुनाई गई थी। उन्होंने बताया कि उस समय कांग्रेस कार्य समिति द्वारा भारत विभाजन की माउटबैटन योजना को स्वीकार करने की योजना एवं तैयारी का महात्म्य गांधी ने विरोध किया था। लेकिन 3जून 1947को पंडित नेहरू की अगुवाई में कांग्रेस ने अंग्रेजों के विभाजन प्रस्ताव को कर लिया था। उन्होंने उस संदर्भ में मनु गांधी से 1 जून 1947को चर्चा की थी। 14एंव 15अगसत 1947को भारत के विभाजन के साथ ही पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान में हिंसा और नरसंहार खुलेआम शुरू हो गया था।गैर मुस्लिम की संपत्ति लूटी जा रही थी। यदि वहां रहना चाहते हैं तो मुस्लिम धर्म अपनाना होगा।इस तरह से अनेकानेक विषयों पर चर्चा करते हुए भावुक हुए।

वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम ने मोहगांव में ग्रामीणों के साथ की बैठक

सोहागपुर। गत दिनों ग्राम मोहगांव में वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम् सामान्य गौरव शर्मा एवं रेंजर सोहागपुर हेमंत शर्मा ने सरपंच विशाल मालवीय की उपस्थिति में बैठक की। बैठक में वन्यप्राणी से फसल हानि एवं मुआवजा संबंधी चर्चा ग्रामीणों से अधिकारियों ने की। सोहागपुर सामान्य वन रेंजर हेमंत शर्मा के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष एक चौथाई फसल खराब होती है व उचित मुआवजा नहीं मिलता है। गौरव शर्मा ने विश्वास दिलाया कि वन विभाग के संज्ञान में रखकर आवेदन करें तो राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक की बात कही तो अधिकारियों ने कहा कि सरकारी अधिसूचना अनुसार लाल मुंह का बंदर अब वन्यप्राणी नहीं रहा तथा उक्त प्रबंधन स्थानीय निकायों का है।

सोहागपुर में रुद्राष्टक समिति ने किया शिवलिंग निर्माण व भव्य रुद्राभिषेक

नर्मदेश्वर शिवलिंग के लिए प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं : पं. परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रावण मास के पावन अवसर पर सोहागपुर रुद्राष्टक समिति ने गत दिनों स्थानीय मंगल भवन में शिवलिंग निर्माण एवं भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं एवं 101 दंपत्तियों सहभागिता की एवं भगवान भोलेनाथ का पूजन किया।

शिवार्चन और रुद्राभिषेक कार्यक्रम नर्मदांचल क्षेत्र के आध्यात्मिक संत एवं धर्माचार्य पं. सोमेश परसाई के सानिध्य में किया गया। पं. परसाई ने आयोजन में नर्मदेश्वर शिवलिंग की महिमा बताते हुए कहा कि मां नर्मदा के पत्थर से



निर्मित शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की गोद से प्राप्त शिवलिंग स्वयं सिद्ध माने जाते हैं। अन्य स्थानों से लाए गए शिवलिंग की विधानशः प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। आयोजन समिति से वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने कार्यक्रम में सहभागी सभी श्रद्धालुओं व धर्मावलंबियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में समिति सदस्यों व श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

बताया दिव्य द्रव्यों से अभिषेक का महत्व

व्यास पीठ से धर्माचार्य पं. परसाई ने भगवान शिव के अभिषेक में उपयोग होने वाले विभिन्न दिव्य द्रव्यों की महिमा श्रद्धालुओं को बताई। उन्होंने कहा कि दही से अभिषेक करने से शीतलता, घी से वंश वृद्धि, शहद से रोगों के शमन और धन की प्राप्ति तथा शक्कर से अभिषेक करने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों को भगवान शिव का शक्कर से अभिषेक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचामृत से अभिषेक का भी विशेष महत्व है। धन की कामना रखने वाले श्रद्धालु गन्ने के रस एवं नारियल के पानी से भगवान शिव का अभिषेक कर सकते हैं। इन द्रव्यों से अधिक महत्व नर्मदा और गंगा के जल से भगवान शिवाभिषेक का है।

विधायक ने किया अभिषेक

इस कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक विजयपाल सिंह ने भगवान शिव का अभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं आयोजन समिति प्रमुख गौरव अग्रवाल 'मोंटू' ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना के विशेष आयोजन होते हैं। एक ही पंडाल के नीचे अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक से जोड़ने के उद्देश्य से इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई थी।

भस्म आरती और भजनों ने बांधा समां

कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ शामिल हुए। इस दौरान धर्मावलंबियों ने दिव्यता के साथ प्रस्तुत की गई भस्म आरती का आनंद लिया। कलाकारों ने भगवान शिव आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी। आयोजन के उपरांत प्रसादी वितरण कार्यक्रम किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की।

नागपंचमी पर हुआ दंगल का आयोजन, पहलवान पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नागपंचमी पर भानू प्रताप विश्वकर्मा के द्वारा युवा मोर्चा के पहलवानों का दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल सरपंच सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पहलवानों ने दिखाए कुश्ती में दांव-पेंच गांव बालों के सहयोग से कार्य प्रारंभ किया गया। विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। पुरुस्कृत किया गया।

खबर संक्षेप

आकाशवाणी इंदौर पर गूंजेगी राजेंद्र महावीर की आवाज



खरगोन। नगर के शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद, ओजस्वी वक्ता और लोकप्रिय मंच संचालक राजेन्द्र जैन महावीर की आवाज अब आकाशवाणी इंदौर के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचेगी। आकाशवाणी इंदौर के खेती गृहस्थी कार्यक्रम में विशेष वक्तव्य का प्रसारण होगा। कार्यक्रम में राजेन्द्र जैन महावीर भारत सरकार के ग्रीन इंडिया मिशन (हरित भारत मिशन) पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वे पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा करेंगे। रेडियो श्रोता संघ के हुकुमचंद कटारिया ने बताया कि राजेन्द्र जैन महावीर शिक्षा, पर्यावरण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर सक्रिय रहते हैं। अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व शैली और मंच संचालन के लिए उनकी विशिष्ट पहचान है। विभिन्न संस्थाओं एवं मंचों द्वारा उन्हें अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। आकाशवाणी जैसे प्रतिष्ठित माध्यम पर उनका वक्तव्य प्रसारित होना सनावद के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम को आकाशवाणी इंदौर के मीडियम वेव 462.96 मीटर (648 किलोहर्ट्ज) पर सुना जा सकेगा। इसके साथ ही प्रसार भारती के मोबाइल एप के माध्यम से भी श्रोता कार्यक्रम सुन सकेंगे।

अवैध मदिरा बेचने वालों पर की गई कार्रवाई

सीहोर। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया था और जिले की मदिरा का विक्रय पूर्ण रूप से बंद रखने के आदेश दिए गए थे। आबकारी दल द्वारा शुष्क दिवस पर अवैध रूप से शराब बेचने वाले अवनी जाट ढ़ाबा, राय साहब का ढाबा और शिवा ढाबा पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार अवैध शराब विक्रेता राजेन्द्र ठाकुर और देवकरण से भी मदिरा बरामद कर कार्यवाही की गई है। यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक रिया जैन, आबकारी मुख्य आरक्षक ललित गीते द्वारा की गई।

एक सप्ताह से गायब था बालक, मां की हत्या के जुर्म में पिता जेल में है

पांच साल के बच्चे का शव गड्ढे से मिलने पर चाचा पर हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम गहाल में सोमवार को एक घर में पांच साल के बच्चे का शव गड्ढे से मिला है। शव की हालत बेहद खराब है। रमेश कोरकू का पांच वर्षीय बेटा राज हफ्ते भर से लापता था। मकान से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के चाचा पिंटू कोरकू को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल के अनुसार, पिंटू कोरकू के मकान के एक कोने में करीब तीन फीट गहरा गड्ढा मिला। खुदाई के दौरान पहले पैर दिखाई दिया। इसके बाद बच्चे का सड़ा-गल शव बरामद हुआ। परिजनों ने राज के छोटे चाचा पिंटू कोरकू पर हत्या कर शव घर में दफनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राज के लापता होने के बाद पिंटू से उसके बारे में पूछताछ की गई तो उसने अलग-अलग बातें बताईं। परिजन पहले बच्चों के नाना के घर पहुंचे, लेकिन वहां राज नहीं मिला। गहाल लौटने पर पिंटू के घर पर ताला लगा मिला। घर से दुर्गंध आने पर परिजनों ने ताला तोड़ा। अंदर कमरे में मिट्टी खुदाई के निशान दिखाई दिए। इसके बाद खुदाई में बच्चे का शव मिला। बताया जा रहा है कि राज और उसकी बड़ी बहन कुछ समय पहले बड़े चाचा मुकेश अखण्डे के साथ रहने चले गए थे। परिजन के अनुसार, पिंटू पर बच्चों के साथ मारपीट करने के आरोप लगे थे। हालांकि, बाद में पिंटू दोनों बच्चों को वापस अपने साथ ले आया था। इसके बाद राज के लापता होने की जानकारी सामने आई।

पिता जेल में

पुलिस के अनुसार, राज के पिता रमेश करीब डेढ़ साल से अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। ऐसे में राज और उसकी बड़ी बहन की देखभाल चाचा पिंटू कर रहा था। परिजनों के मुताबिक, राज की बहन भी फिलहाल उसी के साथ रह रही थी। परिजन के अनुसार, पिंटू नशे का आदी है। घरेलू विवाद के चलते उसकी पत्नी करीब तीन महीने पहले अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। बताया जा रहा है कि घर में राज, उसकी बहन और पिंटू ही रह रहे थे। पिंटू चार भाइयों में सबसे छोटा है। ग्राम गहाल के ग्रामीणों का कहना है कि मां की मौत और पिता के जेल जाने के बाद से उनका चाचा मृतक राज और उसकी बड़ी बहन के साथ अक्सर मारपीट करता था। ग्रामीणों के मुताबिक, कुछ दिन पहले बहन सुरभि के साथ भी मारपीट की गई थी, जिससे उसकी कमर में गंभीर चोट आई थी। आशंका है कि शराब के नशे में आरोपी चाचा पिंटू ने अपने भतीजे राज के साथ भी मारपीट की होगी, जिसके दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद हत्या छिपाने के लिए आरोपी ने शव को घर के अंदर बने एक कमरे में दफना दिया। इधर, आसपास रहने वाले लोगों को पिछले एक-दो दिनों से बंद घर से दुर्गंध आ रही थी। उन्होंने आरोपी के बड़े भाई को इसकी सूचना दी। इसके बाद घर का ताला तोड़कर अंदर खुदाई की गई, जहां बच्चे का पैर दिखाई दिया। फिर पुलिस को सूचना दी गई।

इनका कहना है

बच्चे की मौत किस परिस्थिति में हुई और इसके पीछे क्या कारण है, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर मामले की जांच कर रही है।

सीताराम पटेल,
थाना प्रभारी सिराली

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा की

शासकीय विद्यालयों में निर्धारित मापदंड से गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम) की समीक्षा की। उन्होंने योजना के तहत शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के मध्यान्ह भोजन निर्माण कक्षों में एग्जॉस्ट फैन एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही सभी स्कूलों में पेयजल परीक्षण किट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि समय-समय पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच की जा सके। बैठक में विद्यालयों में नामांकन की स्थिति एवं विद्यार्थियों की अपार आईडी अद्यतन करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी समय पर अपडेट कराने के निर्देश दिए।

मिशन कोड शक्ति के तहत विद्यार्थियों को मिलेगी एआई की शिक्षा

बैठक में मिशन कोड शक्ति के तहत जिले के स्कूली विद्यार्थियों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की शिक्षा दिए जाने की तैयारियों की भी जानकारी दी गई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल कौशल से जोड़ने के लिए कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण तथा खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर कमियां पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उल्लास : एक अभिनव पहल के तहत कार्यक्रम आयोजित

रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का किया सम्मान



हरदा। उल्लास एक अभिनव प्रयोग के तहत विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं प्रोत्साहनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय हरदा में न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के बालक-बालिकाओं के लिए चित्रकला, पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिसमें 18 बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। बच्चों ने सामाजिक विकास, पर्यावरण एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीते दिनों न्यायालय प्रांगण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत, कविताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में जिला न्यायालय हरदा तथा तहसील न्यायालय खिरकिया एवं टिमरनी में कार्यरत न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ हरदा तथा तहसील अधिवक्ता संघ टिमरनी एवं खिरकिया के अधिवक्ताओं के ऐसे बालक-बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं।

वहीं जिला न्यायालय हरदा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आगामी गतिविधियों एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर की जानकारी भी दी गई। आयोजन से न्यायिक परिवार में सकारात्मक सोच, सहभागिता एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिला।

पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ निकाली शिव समर्पण कांवड़ यात्रा



खरगोन। श्रावण मास के उपलक्ष्य में शहर में सनातन संस्कृति और प्रकृति संरक्षण के अद्भुत संगम के साथ एक अनूठी शिव समर्पण कांवड़ यात्रा श्री महामृत्युंजय धाम, गांधी नगर से प्रारंभ की गई । यह भव्य यात्रा श्री महामृत्युंजय धाम से निकलकर श्री अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर होते हुए श्री कुबेरेश्वर धाम, कुम्हारखेड़ा तक पहुंची। धार्मिक आस्था और पर्यावरण का संगमश्री महामृत्युंजय एवं श्री अर्द्धनारीश्वर मंदिर समिति, कीर्तन यात्रा परिवार तथा बाबा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस ह्यपर्यावरण रक्षार्थ शिव समर्पण कांवड़ यात्रा का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाना और समाज को कुरीतियों से मुक्त करना है। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान शिव स्वयं प्रकृति के रक्षक हैं, इसलिए यह यात्रा उनके वास्तविक स्वरूप की सच्ची आराधना सिद्ध होगी।

यात्रा की प्रमुख विशेषताएँ

पौधरोपण अभियान यात्रा के प्रारंभ व समापन स्थल के साथ-साथ मार्ग में आने वाले प्रमुख शक्ति केंद्रों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा। डीजे का उपयोग पूरी तरह वर्जित कर यात्रा निकली ।

सात्विक आचरण व व्यसन मुक्ति

यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के व्यसन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। केवल सात्विक और पवित्र आचरण का पालन किया जाएगा। दिव्य संकीर्तन व पारंपरिक वाद्ययंत्र फिल्मी गानों की जगह यात्रा में केवल हरे रामा हरे कृष्णा और शिव नाम संकीर्तन गूंजेगा। साथ ही डमरू, मंजीरे और शंख जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों का ही प्रयोग किया गया। कांवड़ यात्रा का जगह जगह स्वागत ओर स्वल्पाहार से स्वागत किया गया।

कलेक्टर ने आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर विभिन्न जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी राकेश शर्मा तथा ग्राम बारजा निवासी आशा व क्षमा सांगुले ने बिजली का बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबंधक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम फुलड़ी निवासी सुशीला बाई ने अपने खेत में नाली का पानी भराने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी रघुवीर प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किश्त का भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी विकास सिरसोदे ने अपने पुत्र के समग्र आईडी में सुधार के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर संबंधित अधिकारी को समग्र आईडी में सुधार कराने के निर्देश दिये।

संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

हैंडबॉल में बालक-बालिका वर्ग में हरदा विजेता टेबल टेनिस व कुश्ती के मुकाबले भी हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हरदा में किया गया, जिसमें हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग हैंडबॉल, 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग टेबल टेनिस तथा कुश्ती फ्री स्टाइल एवं ग्रीको-रोमन के मुकाबले आयोजित किए गए। हैंडबॉल प्रतियोगिता महात्मा गांधी स्कूल के खेल मैदान में हुई।

शुभारंभ प्राचार्य जे.पी. प्रजापति एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालिका वर्ग के फाइनल में हरदा ने बैतूल को 6-0 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। बालक वर्ग में हरदा ने बैतूल को 14-4 तथा नर्मदापुरम को 18-3 से हराकर विजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ऑफिशियल के रूप में गौतम विश्वकर्मा, करण लोंगरे, हिमांशु धुर्वे, प्रतीक शर्मा एवं भावेश केवट उपस्थित रहे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता अग्रवाल खेल एकेडमी, हरदा में आयोजित हुई। इस दौरान अग्रवाल समाज अध्यक्ष विनोद बंसल, सचिव निमिष गोयल, मप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल (चंदन सेल्स), खेल एकेडमी अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आकाश अग्रवाल, राजेश बीलिया एवं रोनीत राठौर उपस्थित रहे। कुश्ती फ्री स्टाइल एवं ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता अरविंद कुश्ती अखाड़ा, हरदा में हुई। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कोच अखिलेश विश्नोई, अंपायर अर्पित विश्नोई तथा सहयोगी शांतिलाल गोदारा, कन्हैया लाल विश्नोई, सीताराम जाट एवं नीरेंद्र सेवारिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें आगामी स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करना रहा। जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने दी।

कुबेरेश्वर धाम में 13 संदिग्ध महिलाएं हिरासत में, भीड़ के बीच जेबकतरी-चोरी रोकने पुलिस का सादा कपड़ों में पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सुप्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 13 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि यह कार्रवाई मंडी थाना पुलिस द्वारा की गई है। कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व और अपराधी जेबकतरी, मोबाइल छीनने, सोने की चेन स्नेचिंग और सामान चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार व्यापक प्रबंध कर रही है। हिरासत में ली गई 13 संदिग्ध महिलाओं में से कुछ के खिलाफ झगड़े-विवाद और न्यूसेंस फैलाने की आशंका पर प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। अन्य महिलाओं से चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में पूछताछ जारी है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष रणनीति अपना रही है।

मुख्य अभियंता डीआर आकरे ने निर्माण-एजेंसी को किया सम्मानित

झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना इसी माह पूर्ण होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इंदिरा सागर परियोजना सनावद के मुख्य अभियंता डीआर आकरे ने झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के समय पूर्व पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

उन्होंने स्वतंत्रता-दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में निर्माण एजेंसी को सम्मानित किया। योजना के पम्प हाउस क्रमांक 2 में आयोजित कार्यक्रम में मे. जगदीश गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी के जितेन्द्र गुप्ता एवं अभय शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। अध्यक्षता,नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल के सेवानिवृत सदस्य अभियांत्रिकी एचआर चौहान ने की। मुख्य अभियंता आकरे ने बताया कि योजना की पूर्णता अवधि दिसंबर 2029 थी, लेकिन अब योजना अगस्त 2026 में ही पूर्ण हो रही है। जिससे किसानों को सिंचाई-सुविधा का लाभ रबी सीजन में प्राप्त होगा। इससे विविधीकरण फसलों को प्रोत्साहन मिलने से कृषि उत्पादन में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकेगी। कार्यक्रम में एसडीएम भीकनगांव, लोकेश छापरे, संभाग 21 सनावद के कार्यपालन यंत्री एमके सिंह, उपयंत्री बीआर हिरवे और एजेंसी के उपयंत्रियों में बनवारी पटेल, विजय बालके, प्रभु खेडेकर, प्रधान कनौजे, देवेन्द्र सिंह, शांतिलाल पटेल उपस्थित थे। संचालन रमेश निमरोट ने किया और आभार एसडीओ केएस खंगार ने माना।



विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति के नारों के बीच नारेबाजी की

जब देशभक्ति के नारों के बीच गूंजने लगा हमारी मांगें पूरी करो, सड़क बनाओ पुल बनाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस वैसे तो पूरे देश एवं प्रदेश के साथ हायर सेकंडरी स्कूल कुकडोल में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लेकिन विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति के नारों के बीच कुकडोल औंडल नदी की रपटा पर देश भक्ति के नारे के बीच हमारी मांगे पूरी करो सड़क बनाओ ,पुल बनाओ के नारे लगाना शुरू कर दिए । शिक्षकों ने समझाइश देकर नारे बंद करवाए। यह वाक्य हुआ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रातः काल विद्यार्थियों की प्रभात फेरी निकाली गई। हायर सेकंडरी स्कूल भवन गांव के इस पार बेडी पर निर्मित है जहां कुकडोल, कुमारखेड़ा, जामली, एवं पीपरखेड़ा के करीब 400 विद्यार्थी पढ़ते हैं। स्कूल और कुकडोल के बीच औंडल नदी आती है, इस



नदी पर बहुत कम ऊंचाई का रपटा बना हुआ है । नदी में थोड़ी सी बाढ़ आते ही रपटे पर बाढ़ का पानी भरने लग जाता है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश से बाढ़ का पानी दो दिन तक नहीं उतरा ऐसे में यह गांव टापू बन गया था। बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण पुलिया कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है एक भाग का अधिकांश था हिस्सा बह गया है। रपट पर लोहे के सरिया निकल आए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जोड़ा गया है। खरगोन बिष्ठान मार्ग पर जामली से इस गांव तक ढाई किलोमीटर की सड़क विभाग में बना दी, लेकिन ओंडल नदी पर पुल का निर्माण नहीं किया जबकि यहां सड़क को मुख्य ग्राम तक जोड़ने के लिए रपट के स्थान पर पुल का निर्माण भी होना था साथ ही गांव तक सड़क का निर्माण करना था। विभाग ने सिर्फ बेडी तक सड़क बनाई है। अब जब बारिश का पानी आ जाता है तो औंडल नदी की रपट पानी में डूब जाती है। विद्यार्थियों के लिए पुलिया पार करना मुश्किल हो जाता है। जब स्कूल के समय तेज बारिश होती है तो कुकडोल ओर कुम्हारखेड़ा के विद्यार्थियों को इसलिए छोड़ना पड़ता है क्योंकि थोड़े से पानी गिरते ही नदी में बाढ़ आ जाती है ।

कई बार स्टाफ के शिक्षक बच्चों को नदी के उस पर तक छोड़ने जाते हैं। विद्यार्थियों का कहना रपट के स्थान पर बड़ी पुलिया का निर्माण हो। कुम्हारखेड़ा के विद्यार्थियों ने मांग की है कि स्कूल से कुम्हारखेड़ा तक ढाई किलोमीटर की सड़क की स्थिति भी काफी खराब है। आने जाने में काफी दिक्कते होती है सड़क का निर्माण होना चाहिए।

बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हायर सेकंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य पुरुषोत्तम ओसवाल ने झंडा वंदन किया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने देश प्रेम से ओतप्रोत संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बालक बालिकाओं ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सरपंच परसराम वास्कले,पूर्व उप सरपंच सौदान सिंह चौहान सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश पाटिल ने किया एवं आभार प्रभुराम मालवीय ने माना।